an>

Title: Need to address the issue of shortage of clean drinking water in Jaipur, Rajasthan.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर शहर) ः मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान जयपुर श ह र की पानी की गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करता हूँ। जयपुर शहर में पेयजल आपूर्ति वर्तमान में बीसलपुर परियोजना से की जा रही है, मेरे संसदीय क्षेत्र में बगरू व विधाधरनगर का काफी एरिया बीसलपुर पानी से वंचित है एवं ट्यूब वैलों में अपर्याप्त पानी वो भी फ्लोराइड युक्त होने के कारण से हड्डियों की बीमारियां दिनों-दिन बढ़ रही हैं। शेष बचे हुए क्षेत्र को बीसलपुर योजना से जोड़ा जाये ताकि शुद्ध एवं पर्याप्त पीने का पानी मिल सके।

मैं सरकार से कहना चाहूंगा कि जयपुर शहर की चारदीवारी क्षेत्र को रामगढ़ बांध से पूर्व में पानी की सप्लाई होती थी। रामगढ़ बांध पेयजल, सिंचाई एवं पर्यटन की दृष्टि से अहम स्थान रखता है। पूर्व में एशियाड खेल प्रतियोगिता भी रामगढ़ बांध में हुई थी। रामगढ़ बांध परियोजना को मेज बेसिन के अधिशेष पानी से जोड़ने हेतु विशेष पैकेज देकर चालू कराया जाए जिससे जयपुर की जनता को पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और साथ ही माननीय प्रधानमंत्री जी की नदियों से नदियों को जोड़ने की योजना के तहत मेज बेसिन के अधिशेष पानी से रामगढ़ बांध, कालख बांध व छापरवाड़ा बांध को जोड़ने से हज़ारों किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा।